दैनिक हरिभूमि, भोपाल

8 JAN 2021

शा. कला एवं वाणिज्य नवीन कॉलेज में वेबिनार

प्रो. जयश्री ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय कला एवं वाणिज्य (नवीन) महाविद्यालय, भोपाल में 'मेंटल हेल्थ इश्यूज एंड साइकोलॉजिकल फैक्टर्स इन एथलीट्स' पर अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार हुआ। वेबिनार में निदेशक आईक्यूएसी एलएनआईपीई, ग्वालियर प्रो. जयश्री आचार्य ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने इसे नजरअंदाज करने से कैसे बचा जाए, इस पर विस्तृत चर्चा की। वेबिनार में प्राध्यापक किंग फहद विश्वविद्यालय, सऊदी अरब के प्रो. डॉ. वर्गीस सी. एंथोनी ने कोविड महामारी के दौरान स्वस्थ रहने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर डॉ. रीता वेणुगोपाल ने खेल के माध्यम से महिलाओं और युवतियों को प्रोत्साहित करने एवं सशक्त बनाने के लिए जागरूक करने की बात कही।

Scanned with CamScanner